ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते बस पड़ाव हाउसफुल

जगह कम पड़ने से मुख्य मार्ग पर बसों की कतारें ,यातायात में हो रही बाधा उत्पन्न



अमरावती: बस पडाव पर बसों की संख्या अधिक होने के कारण मुफ्त मार्ग पर कतारबद्ध गाडिया व बस में सवार होने के लिए उमड़ी भीड़. सभी फोटो जय स्टूडियो, अमरावती.

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- इन दिनों ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के कारण स्कूलों, महाविद्यालयों में ताले लटके हैं. विद्यार्थी होमवर्क के बोझ से खुद को हल्का महसूस कर रहे हैं. अधिकांश परिवार ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का आनंद उठाने के लिए बाहर गांव जा रहे हैं. कुछ अपने नाना-नानी, कुछ अपने दादा-दादी के पास गांव जाने की प्लानिंग कर रहे हैं. यात्रियों की संख्या में इजाफा होने से इन दिनों स्थानीय बस पड़ाव हाउसफुल दिखाई दे रहा हैं.

सीजन को देखते हुए राज्य परिवहन निगम की ओर से अतिरिक्त बस फेरियां शुरू की गई हैं. अतिरिक्त फेरियों के लिए बसों की संख्या में भी इजाफा हुआ है. बस पड़ाव की जगह उतनी ही है, जबकि बसों की संख्या बढ़ी है. बस पड़ाव पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे के दौरान कुछ इस प्रकार की परिस्थिति निर्माण हो जाती है कि बस खड़ी करने के लिए डिपो में जगह नहीं बचती. मजबूरन चालकों को जगह रिक्त होने के इंतजार में सड़क पर ही बस खड़ी करनी पड़ती है. जिसके कारण यातायात में भी बाधा निर्माण हो रही है. इस प्रकार का मंजर स्थानीय रेलवे स्टेशन से शिवटेकड़ी मार्ग पर कुछ घंटों के अंतराल पर देखने को मिल रहा है.

यात्रियों के लिए 100 फेरियां बढ़ाईं

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों व यात्रा के सीजन को देखते हुए राज्य परिवहन निगम ने अलग-अलग जिलों में बस की फेरियां बढ़ाई हैं. यहां के बस पड़ाव पर भी बस की फेरियां बढ़ाई गई हैं, जिससे बस पड़ाव पर जहां-तहां 'बस' ही नजर आ रही हैं.

चिलचिलाती धूप में तपती बस

बस पड़ाव पर पर्याप्त जगह न रहने के कारण बस चालक मुख्य सड़क के किनारे बस खड़ी करने विवश दिखाई दे रहे हैं. सड़क चौड़ाईकरण के नाम पर सड़क किनारे लगे पेड़ों की कटाई किए जाने के कारण सड़कें छांव से वंचित हैं. पेड़ की छांव न रहने से यह बसें धूप में खड़ी रहती हैं. जिसके कारण यह बसें तप उठती हैं. गर्म बसों में बैठने वाले यात्रियों को पसीना छूट जाता है.

विवकर

एक घर एक झंडा अभियान 7 से

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- भारत देश में शांति स्थापित करने हेतु बुद्ध के विचारों की आवश्यकता है. विचारों को प्रसार-प्रचार करने हेतु भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से एक साल में एक लाख पंचशील ध्वज लगाने का संकल्प लिया है. जिसके तहत एक घर एक झंडा अभियान का शुभारंभ आगामी 7 जून से किया जा रहा है. उक्त अभियान पूरे साल भर चलाया जाएगा. भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से जिला अध्यक्ष सुरेश मेश्राम के नेतृत्व में एक घर एक झंडा अभियान को सहयोग करने तथा दूसरों को प्रोत्साहित करने का आह्वान जिलाध्यक्ष मेश्राम ने किया है.

पुरानी व जीर्ण, शिकस्त इमारते गिराएं

अमरावती- मनपा अंतर्गत शहर परिसर में कई जीर्ण, पुरानी व शिकस्त इमारते है. करीबन 250 इमारतों का पंजीयन मनपा के पास है. प्रतिवर्ष शिकस्त इमारतों के संदर्भ में निवेदन व शिकायते शहर अभियंता व मनपा आयुक्त के दी जाती है. बावजूद कार्रवाई नहीं की जाती है. ऐसी ही 75 साल पुरानी इमारत बालाजी प्लॉट की कालिका विद्याभवन छात्रावास की है. बरसात के पूर्व संबंधित विभाग इस ओर ध्यान दे कर इमारत गिराने की कार्रवाई कीने की मांग विदर्भ कासार समाज विकास मंडल के सहसचिव म.ना. तांबट ने की है.

निवृत्त शिक्षकों को 5 तारीख तक पेंशन दे

अमरावती-मनपा से सेवानिवृत्त शिक्षकों को सरकार की ओर से 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त होता है. अनुदान समयानुसार मिलने के बावजूद भी अनुदान लेखाधिकारी के कारण समय पर पेंशन नहीं मिलती है. जिससे निवृत्तों को शारीरिक व मानसिक परेशानी होती है. इस संदर्भ में संघ सहसचिव म.ना. तांबट, कार्याध्यक्ष करपेकर, सदस्य केडिया, बा.सु. औंधकर ने महीने की 5 तारीख को पेंशन देने हेतु महापौर, सभापति व आयुक्त को निवदेन दिया है.

अभियांत्रिकी के 28 छात्रों का आईबीएम कंपनी में चयन

अमरावती : आईबीएम कंपनी में चयनित छात्रों के साथ उपस्थित शिक्षक गण.

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- सिपना अभियांत्रिकी व तंत्रज्ञान महाविद्यालय का पूरे महाराष्ट्र में प्रथम क्रमांक रहा है. इस चयन प्रक्रिया में सिपना कॉलेज कम्प्यूटर विभाग के करण पाटिल, शुभम मेन, भार्गवेश गायकवाड़, गायत्री केशरवानी, अंकिता मांडवगड़े, स्नेहल टेकाड़े, गौरी म्हात्रे, कल्याणी टाल, दीक्षा झंवर, पूर्वा ओहले, निकिता गावंडे, प्रांजलि पवार, भाग्यश्री पनपालिया, सोनल नांदेलकर, प्राची चवरे, अंकिता पालेकर साथ ही सूचना व तकनीकी विभाग की योगिता जुनघरे, भाग्यश्री देशमुख, दिपाली परियनी, गौरी नेव्हाले, प्राची शंखे, समृद्धि जैन, वैष्णवी म्हस्के, अनिकेत विंचुरकर, धनंजय कोकाटे, निखिल देशमुख, रोशन लहुडकर, सागर भालतिलक आदि सबसे ज्यादा छात्र कंपनी द्वारा चयन प्रक्रिया के दौरान फाइनल सूची में सफल बने है, यह महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है. संस्थाध्यक्ष जगदीश गुप्ता , प्राचार्य डॉ. सिद्धार्थ लढ़के के मार्गदर्शन में डॉ. अविनाश गावंडे, डॉ. विजय गुल्हाने, प्रा. स्वप्निल पोतदार, प्रा. निकिता गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर सफलता प्राप्त की. कॉलेज के सभी शिक्षक, नॉनटीचिंग स्टाफ ने उपरोक्त छात्रों की सराहना कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं.

बडनेरा का प्रस्तावित कामगार भवन 'गायब'

4 वर्ष पूर्व गाजे-बाजे के साथ हुआ था भूमिपूजन

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- समीपस्थ बडनेरा के नई बस्ती क्षेत्र में सर्वे नं. 94 इस ई-क्लास की जमीन पर 5 एकड़ क्षेत्र में भव्य-दिव्य कामगार भवन निर्माण का न केवल प्रस्ताव था बल्कि 15 फरवरी 2013 को तत्कालीन राज्यमंत्री राजेंद्र मूलक के हाथों कामगार भवन स्थल का भूमिपूजन किया गया था. लेकिन अभी तक यह कामगार भवन साकार नहीं हुआ. क्षेत्रवासी प्रस्तावित कामगार भवन आखिर कहां 'गायब' हो गया, जैसी चर्चा कर रहे हैं.बडनेरा के सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धार्थ बंसोड़ ने बताया कि प्रस्तावित कामगार भवन में बडनेरा शहर व ग्रामीण क्षेत्र के कामगार परिवारों के पाल्यों के विवाह उत्सव व अन्य कार्यक्रमों के लिए यह भवन अल्प दर में उपलब्ध कराने की योजना थी. इस कामगार भवन में स्वीमिंग टैंक के अलावा क्रीड़ांगण, हैल्थ क्लब, लाइब्रेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सभागृह बनाने का प्रस्तावित था. पूर्व कामगार मंत्री हसन मुश्रीफ के 1 नवंबर 2013 पत्रानुसार महाराष्ट्र कामगार कल्याण मंडल ने नया मंडल गठन करने की कार्रवाई शुरू की. शासन स्तर पर शुरू इस कार्रवाई के बाद नया मंडल गठित करने के बाद कामगार भवन निर्माण के संदर्भ में निर्णय लिया जाएगा, ऐसा कहा जा रहा था.

लेकिन इतने दिन बीतने के बावजूद अभी तक इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया है. प्रस्तावित जगह पर जल्द ही कामगार भवन निर्माण का कार्य शुरू करने की मांग सिद्धार्थ बंसोड़ ने की है.

जनप्रतिनिधि की उदासीनता

जून 2014 में मुंबई महाराष्ट्र कामगार कल्याण मंडल के आयुक्त की ओर से बडनेरा में कामगार भवन प्रकल्प विकास के विषय में नामांकित वास्तुशास्त्र तज्ञ की ओर से निविदा मंगाई गई थी. लेकिन उसके बाद जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण बडनेरा का यह विकासात्मक कार्य प्रलंबित है.

मधुकर गाड़गे राष्ट्रीय साहित्य रत्न से सम्मानित

कोल्हापुर में समारोह

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- महाराष्ट्र राज्य पर्यटन कला व सांस्कृतिक महोत्सव 2017 का पुरस्कार वितरण समारोह कोल्हापुर के छत्रपति साहू स्मारक दशहरा चौक पर किया गया. इस पुरस्कार वितरण समारोह में 147 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया. जिसमें स्थानीय मधुकर गाड़गे को सामाजिक सेवा के तहत राष्ट्रीय साहित्य रत्न व काव्य दर्पण पुरस्कार से सम्मानित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान बडनेरा की एड. वंदना गोपाल को राज्यस्तरीय शिक्षा व समाज रत्न पुरस्कार, माधुरी सुदा को राज्यस्तरीय सामाजिक कार्य के लिए, प्रा. उज्जवला देवरणकर को राष्ट्रीय शिक्षा रत्न व ग्रंथ सेवा पुरस्कार से नवाजा गया. इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महाराष्ट्र राज्य भटक्या व विमुक्त जाति संघ के अध्यक्ष जी.बी. व्हसकोटी, राजस्व व सार्वजनिक निर्माणकार्य मंत्री चंद्रकांतदादा पाटिल, विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागड़े, तुलजापुर महाशक्ति पीठ के जगतगुरु रंगनाथ जोशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे.

अमरावती : सम्मानत स्विकारते मधुकर गाडगे.

मुख्यमंत्री पेयजल योजना में 3 गांव मंजूर

अमरावती- जिले के ग्रामीण क्षेत्र की जलापूर्ति योजना का विस्तार करने जिप ने 14 गांवों के प्रस्ताव मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना अंतर्गत सरकार को भेजा था. इसमें से तीन गांवों को पिछले दो माह में अनुमति मिल चुकी है और इसके लिए 7.60 करोड़ की निधि मंजूर हुई है.जिले में करीब सभी गांवों में जलापूर्ति योजना कार्यरत है. उसमें से कुछ तकनीक, राजनीतिक या प्रशासकीय कारणों से बंद हैं. कुछ गांवों में बढ़ती जनसंख्या से अस्तित्व में रहने वाली योजना से जलापूर्ति संभव न रहने से उन्हें विस्तार करने के लिए जिप द्वारा प्रस्ताव भेजे गए थे. 14 में से 3 गांवों के प्रस्ताव मंजूर हुए हैं. 11 गांवों के प्रस्ताव सरकार की ओर प्रलंबित हैं. सरकार ने विगत दो माह में वरुड़ तहसील के बेनोड़ा, लोणी व अचलपुर तहसील के खेलतपमाली गांव की जलापूर्ति योजना को मंजूरी दी है.

जलापूर्ति योजना

गांव	निधि
लोणी	2.91 करोड़
बेनोड़ा	3.43 करोड़
खेलतपमाली	1.26 करोड़

महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य रैली 28 को

सार्वजनिक सेवा समिति की ओर से आयोजन

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- राष्ट्र गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 477वीं जयंती रविवार, 28 मई को विविध कार्यक्रमों के बीच मनाई जाएगी. महाराणा प्रताप सिंह सार्वजनिक सेवा समिति अमरावती व अन्य घटक संगठनों के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. सुबह 8 बजे राजपूत युवा विकास संगठन की ओर से भव्य रैली निकाली जाएगी.

महाराणा प्रताप की जयंती निमित्त रविवार को सुबह 7.30 बजे सराफा बाजार स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान पार्षद बबलू शेखावत, विलास इंगोले, विवेक कलोती, सुनिता भेले, चंदू सोजतिया, डॉ. दिलीपसिंह खामरे प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे. तत्पश्चात यही से सुबह 8 बजे राजपूत युवा संगठन की ओर से रैली निकाली जाएगी. जो कि जवाहर गेट, जयस्तंभ चौक, खत्री कंपाउंड, इर्विन चौक, रेलवे स्टेशन, राजकमल चौक, राजापेठ होते हुए गणेश कॉलोनी स्थित राणाप्रताप उद्यान में विसर्जित होगी. सुबह 9 बजे राणा प्रताप उद्यान में प्रतिमा का पूजन विधायक रवि राणा, पार्षद सपना ठाकुर, राजेंद्रसिंह राजपूत, दिनेश सिंह कच्छवे, नरेंद्रसिंह येवतीकर के हाथों किया जाएगा. सुबह 10.30 बजे राजकमल चौक समीप स्थित टाउन हॉल में महाराणा प्रताप की जीवनी पर डॉ. करमसिंह राजपूत व्याख्यान देंगे. इस दौरान पूर्व विधायक रावसाहब शेखावत, मजीप्रा के उपविभागीय अभियंता किशोरसिंह रघुवंशी, राजपूत महिला संगठन की अध्यक्षा संजीवनी दीक्षित, प्रकाशसिंह सूर्यवंशी, जीतेंद्रसिंह राजकुमार, डॉ. रामसिंह येवतीकर आदि उपस्थित रहेंगे. इस दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा.

रमजान माह में लोडशेडिंग न करें

इंसाफ युवा संगठन की मांग

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व रमजान माह 27 मई से प्रारंभ होने जा रहा है. इस इबादत के महीने में बड़ी संख्या में रोजेदार रोजा रखते हैं. ऐसे में महावितरण की ओर से अलग लोडशेडिंग जारी रही तो उन्हें नाना प्रकार की अड़चनों का सामना करना पड़ सकता है. पर्व को देखते हुए महावितरण कंपनी रमजान माह तक लोडशेडिंग ना करें. इस प्रकार की मांग का ज्ञापन इंसाफ युवा संगठन की ओर से जिलाधीश अभिजीत बांगर को सौंपा है. रमजान माह जिसे इबादत का महीना माना जाता है, में रोजेदार सुबह सूर्योदय के पूर्व ही सहरी कर रोजा शुरू करते हैं. फिर शाम सूरज ढलने के बाद इफ्तार करते हैं. चिलचिलाती धूप में अगर लोडशेडिंग शुरू रही तो रोजेदारों को अड़चन निर्माण होगी. समाज की धार्मिक भावनाओं को देखते हुए रमजान माह में लोडशेडिंग बंद करें, ऐसी मांग संगठन के संस्थापक अध्यक्ष यासीर भारती, मो. सोहेल, इरबाज खान, हाफीज रेहान, शेख फिरोज आदि ने की है.

अमरावती : जिलाधीश कार्यालय पर उपस्थित संगठन के पदाधिकारी.

प्रतिदिन अखबार सूचना

प्रतिदिन अखबार के पाठकों को सूचित किया जाता है कि वे इस अखबार में प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों व लेखों में उल्लेखित उत्पादनों की गुणवत्ता जॉच-पड़ताल करने के बाद ही उसे खरीदने आदि के संबंध में निर्णय लें व आर्थिक व्यवहार करें. अपने उत्पाद अथवा सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, प्रतिदिन अखबार उसकी कोई गारंटी नहीं देता. कृपया नोट करें कि विज्ञापित उत्पादों में किए गए दावों की पूर्ति यदि विज्ञापनदाता (उत्पादक) अथवा संबंधित नहीं करते तो उसके परिणामों के लिए प्रतिदिन अखबार के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक व मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे.

- व्यवस्थापक

स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार से

महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर आयोजन

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती- माहेश्वरी पंचायत द्वारा आयोजित महेश नवमी महोत्सव 2017 के पावन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व औषधोपचार शिविर का आयोजन रविवार, 28 मई से स्थानीय रंगारी गल्ली, माहेश्वरी भवन स्थित धर्मार्थ अस्पताल में किया गया है. यह शिविर 2 जून तक चलेगा.

सुबह 10 बजे स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया जाएगा. इस शिविर में त्वचा रोग से संबंधित बीमारियों की जांच रविवार, 28 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे के दौरान डॉ. नंदकिशोर मुरके, डॉ. नीता लढ्ढा करेंगी. 29 मई को शाम 4 से 6 बजे के बीच डॉ. सरिता सारडा व डॉ. माधुरी भट्टड़, महिला रोग से संबंधित जांच करेंगी. 30 मई को शाम 4 से 6 के दौरान डॉ. माया आसावा सुजोग थैरेपी से इलाज करेंगी. 31 मई को सुबह 9 से 11 बजे के दौरान कान, नाक घसा से संबंधित बीमारियों की जांच डॉ. नीरज मुरके व ब्लड शुगर तथा थाइराइड की जांच डॉ. विनीत साबू करेंगे. इसी दिन शाम 4 से 6 बजे के दौरान अस्थि रोग व जॉइन्ट की बीमारियों की जांच डॉ. नितिन राठी, डॉ. सुयोग राठी करेंगे. 1 जून को होमियोपैथिक पद्धत से डॉ. गोकुलदास सारडा, डॉ. नंदकिशोर भूतड़ा सुबह 9 से 11 बजे के दौरान तथा उसी दिन शाम 4 से 6 बजे के दौरान डॉ. सतीश माहेश्वरी, डॉ. दीपक करवा, आयुर्वेद पद्धत से मरीजों का इलाज करेंगे. शुक्रवार, 2 जून को शाम 4 से 6 बजे के बीच नेत्ररोग जांच शिविर में डॉ. नवीन सोनी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे. ऐसी जानकारी डॉ. नंदकिशोर भुतड़ा ने दी है.

मराठवाड़ा, खान्देश में हेलिकॉप्टर से बुआई

रोपवन का प्रतिशत बढ़ाने सैटेलाइट का इस्तेमाल

प्रतिनिधि, 25 मई

अमरावती - राज्य में रोपवन का कम हुआ प्रतिशत बढ़ाने के लिए मराठवाड़ा, खान्देश सहित विदर्भ का भीषण अकाल, वीरान जंगलों वाले परिसरों में हेलिकॉप्टर से बुआई की जानेवाली है. इसके लिए वनमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने पहल की है. बारिस के पहले ही यह बुआई की जाएगी.

पर्यावरण की दृष्टि से भूमि का 33 फीसदी हिस्सा जंगल से व्याप्त होना चाहिए, लेकिन फिलहाल 19 से 20 फीसदी ही जंगल बचा है, ऐसी रपट मिली है. इसलिए सरकार ने 1 से 7 जुलाई के दौरान नियोजित 4 करोड़ वृक्षारोपण के तहत भीषण अकाल व वीरान जंगलों वाले मराठवाड़ा, खान्देश व विदर्भ के बुलढाणा, अकोला, वाशिम जिले के कुछ परिसरों में हेलिकॉप्टर से बुआई करने की योजना बनाई है.

बुआई करने का पूर्ण परिसर सैटेलाइट, नकाशा द्वारा हेलिकॉप्टर से जोड़ा जाएगा. 4 सीटर हेलिकॉप्टर में वनमंत्री मुनगंटीवार, वनसचिव विकास खारगे विराजमान होंगे, ऐसी जानकारी है. जंगल नहीं रहने वाले परिसरों में ही पौधारोपण किया जाएगा. इसके लिए मराठवाड़ा, खान्देश, विदर्भ के अकाली परिसरों के नक्शे तैयार करने की जिम्मेदारी वनविभाग को सौंपी गई है.

अकाल को काबू करने राज्य सरकार प्रयासरत है. लेकिन भीषण अकाल, उजाड़ जंगलो के परिसरों में पहाड़ियों के परिसर में वृक्षारोपण करना काफी कठिन है. इसलिए ऐसे परिसरों में हेलिकॉप्टर से बुआई का पहलीबार प्रयोग किया जा रहा है, यह बात वनमंत्री मुनगंटीवार ने कही है.

निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर

बुआई के लिए वनमंत्री मुनगंटीवार निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर इस्तेमाल करेंगे. 4 करोड़ वृक्षारोपण के तहत आरक्षित निधि से हेलिकॉप्टर का खर्च दिया जाएगा. इससे अकाली परिसरों में रोपवन में कुछ बढ़ोत्तरी होने का दावा किया जा रहा है.

आवास योजना के दूसरे व तीसरे चरण की निधि दें

मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन

अमरावती- 2013-15 के इंदिरा आवास योजना के लाभार्थी को पहले चरण की राशि दी गई. जिसके आधार पर लाभार्थी ने घर का काम शुरू किया. लेकिन दूसरे व तीसरे चरण की राशि न मिलने के कारण यह घर आधा-अधूरा पड़ा है. बारिश के मौसम में आखिर कहां रहे? कुछ इस प्रकार का प्रश्न धारणी तहसील के जूटपानी ग्रामनिवासी ईश्वर भिलावेकर के समक्ष निर्माण हुआ है. सोमवार को आवास योजना के दूसरे व तीसरे चरण की निधि के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है.ज्ञापन के मुताबिक धारणी तहसील के जूटपानी गांव के 60 लाभार्थियों को पहले चरण की निधि उपलब्ध कराई गई. लेकिन उसके बाद दूसरे व तीसरे चरण की निधि नहीं दी गई. तब से आधे-अधूरे घर निर्माणाधीन अवस्था में पड़े हैं. तेज बारिश अथवा तूफान से निर्माणाधीन घरों को क्षति पहुंच सकती है. घर का निर्माणकार्य शुरू रहने से वहां रहने की व्यवस्था नहीं है. परिवार के साथ रहें भी तो कहां? यह सवाल लाभार्थियों के बीच खड़ा हुआ है. दूसरे व तीसरे चरण की निधि ताबड़तोड़ वितरित नहीं की गई तो लाभार्थी अनशन पर बैठेंगे, ऐसी चेतावनी ईश्वर भिलावेकर ने दी है.